**बिहार सरकार**
**सहकारिता विभाग**

पत्रांक................................./पटना, दिनांक...........................................
03/सह0ब0योजना (आवंटन)–06/2024

प्रेषक,

**अभय कुमार सिंह,**
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**निबंधक,**
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

**विषयः–** **राज्य में खरीफ विपणन वर्ष, 2024–25 में अधिप्राप्ति कार्य में संलग्न जहानाबाद जिले के सहकारी संस्थाओं पैक्स/व्यापार मंडलों को पुराने गनी बैग मद में किसानों को रू० 25/– (पच्चीस रूपये) प्रति क्विंटल (धान) के भुगतान के लिए रू० 15/– (पन्द्रह रूपये) प्रति क्विंटल (धान) की दर से प्रतिपूर्ति अनुदान राशि के रूप में वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रबंधकीय अनुदान मद में रू० 33,09,788/– (तैंतीस लाख नौ हजार सात सौ अठासी) रूपये के आवंटन के संबंध में।**

महाशय,

वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक–558 दिनांक–20.03.2025 के आलोक में राज्य स्कीम अंतर्गत मांग संख्या–09, मुख्य शीर्ष–2425 सहकारिता, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–107–क्रेडिट सहकारी समितियों को सहायता, उप शीर्ष–0106–अधिप्राप्ति कार्य हेतु प्रबंधकीय अनुदान, विपत्र कोड–09–2425001070106, विस्तृत शीर्ष–31–सहायता अनुदान, विषय शीर्ष–06–सहायक अनुदान–गैर वेतन मद में रू० 33,09,788/– (तैंतीस लाख नौ हजार सात सौ अठासी) रूपये का आवंटन दिया जाता है।

2 उपर्युक्त आवंटन वित्त विभाग के पत्र सं0–214/वि0, दिनांक–06.03.2024 के अंतर्गत बिहार विनियोग (संख्या–02) अधिनियम, 2024 एवं वित्त विभाग के पत्र संख्या–3576/वि0 दिनांक–01.04.2024 के आलोक में दिया जा रहा है। वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561 दिनांक–17.04.1998 में निहित शर्त्तों/अनुदेशों का अनुपालन किया जाना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक होगा।

3 आवंटित राशि का नियमानुसार व्यय करते हुए उक्त का उपयोगिता प्रमाण–पत्र महालेखाकार कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

4 इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
**(अभय कुमार सिंह),**
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–........................................

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/सम्बंधित कोषागार पदाधिकारी को मुहरबंद लिफाफा में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–66 (आ०)/पटना, दिनांक–21/03/2025

प्रतिलिपिः– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय निबंधक, स0स0, बिहार, पटना/उप सचिव, प्रभारी प्रशाखा– 06, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/विभागीय आई०टी० मैनेजर/प्रोग्रामर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.03.25

सरकार के अपर सचिव।